**शिक्षा निदेशालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली**

**अभ्यास प्रश्न-पत्र 1**

**कक्षा XI**

**अर्थशास्त्र (030)**

**सत्र-(2023-24)**

**निर्धारित समय** : 3 घंटे **अधिकतम अंक** - 80

**सामान्य निर्देश:-**

1. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं:-

   खण्ड: क (अर्थशास्त्र में सांख्यिकी)

   खण्ड: ख (व्यष्टि अर्थशास्त्र)

2. इस प्रश्न पत्र में 20 अति लघु उत्तरीय प्रश्न/ बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का अंक 1 हैं। ।
3. इस प्रश्न पत्र में 3 अंकों के चार लघु उत्तरीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर 60 से 80 शब्दों में देना होगा।
4. इस प्रश्न पत्र में 4 अंकों के छह लघु उत्तरीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर 80 से 100 शब्दों में देना होगा।
5. इस प्रश्न पत्र में 6 अंकों के चार दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर 100 से 150 शब्दों में देना होगा।

| प्रश्न संख्या | **खण्ड: क (अर्थशास्त्र में सांख्यिकी)** | अंक |
|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्यन्न कीजिये:-<br>**कथन 1:** समान्तर माध्य से किसी श्रृंखला के मानों के विचलनों का योग शून्य होता है।<br>**कथन 2:** किसी श्रृंखला का समान्तर माध्य और मध्यिका कभी भी बराबर नहीं हो सकते।<br>दिए गए कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिये:-<br>अ) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।<br>ब) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>स) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>द) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। | 1 |
| 2 | रेखा-चित्रीय रूप से मध्यिका के अंकन के लिए निम्नलिखित में से किसका उपयोग किया जा सकता है? (सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>अ) आयतचित्र<br>ब) दंड-आरेख<br>स) तोरण<br>द) अंकगणितीय रेखा चित्र | 1 |
| 3 | सहसंबंध गुणांक का मान _______ और _______ के बीच होता है।<br>(सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>अ) -1 , 0<br>ब) -1 , +1<br>स) 0 , अनंत<br>द) $-\infty$ , $+\infty$ | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | निम्नलिखित में से कौनसी विधि प्राथमिक आँकड़े एकत्रित करने की विधि नहीं है:-<br>(सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>अ) कर्मचारियों के बारे में जानकारी के लिए, कंपनी के मालिक से संपर्क करना।<br>ब) उत्तरदाता से सीधे संपर्क करना।<br>स) टेलीफोन द्वारा लोगों से संपर्क करना।<br>द) सूचना देने वालों को ई-मेल के माध्यम से भेजी गई प्रश्नावली भरने के लिए कहना। | 1 |
| 5 | निम्नलिखित में से कौनसा सांख्यिकी को एकवचन के रूप में परिभाषित करता है?<br>I) आँकड़ों का संग्रह<br>II) आँकड़ों का संगठन<br>III) तथ्यों का समुच्चय<br>IV) व्यवस्थित तरीके से आँकड़ों का संग्रह<br>(सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>**विकल्प :-**<br>अ) I तथा II<br>ब) I, II तथा III<br>स) II तथा III<br>द) II तथा IV | 1 |
| 6 | "कबीर ने, एक स्कूल की 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के उत्तीर्ण प्रतिशत के संबंध में पिछले पाँच वर्षों के आँकड़े एकत्रित किए।" इन आँकड़ों को किस प्रकार से वर्गीकृत किया जाएगा?<br>**विकल्प :-**<br>अ) गुणात्मक वर्गीकरण<br>ब) मात्रात्मक वर्गीकरण<br>स) कालानुक्रमिक वर्गीकरण<br>द) भौगोलिक वर्गीकरण | 1 |
| 7 | निम्लिखित कथनों को पढिये - अभिकथन(A) और कारण(R)- सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन (A):** एक सतत आवृत्ति वितरण को आयतचित्र द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है।<br>**कारण (R):** आयतचित्र आँकड़ों को प्रस्तुत करने की एक ग्राफिक विधि है।<br>**विकल्प :-**<br>(अ) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है ।<br>(ब) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है ।<br>(स) अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है ।<br>(द) अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है । | 1 |



https://www.evidyarthi.in

8 निम्नलिखित में से कौनसा चरम मूल्यों से प्रभावित नहीं होता है?

I. समांतर-माध्य

II. मध्यिका

III. बहुलक

**विकल्प :-**

अ) I तथा II

ब) II तथा III

स) I तथा III

द) केवल I

1

9 ____________________ की सहायता से सहसंबंध का ग्राफिक अनुमान लगाया जा सकता है ।

(सही विकल्प का चुनाव कीजिये)

**विकल्प:-**

अ) तोरण

ब) रेखा-ग्राफ

स) दंड-आरेख

द) प्रकीण आरेख

1

10 RBI गवर्नर ने कहा, "अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 7% से नीचे रहेगी ।"

*स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया, 13 नवंबर, 2022*

खुदरा मुद्रास्फीति की गणना ______________ में परिवर्तन के रूप में की जाती है ।

(सही विकल्प का चुनाव कीजिये)

**विकल्प:-**

अ) थोक कीमत सूचकांक

ब) उपभोक्ता कीमत सूचकांक

स) निर्वाह सूचकांक

द) दोनों (ब) तथा (स)

1

11 निम्नलिखित आँकड़ों से मध्यिका की गणना कीजिये:-

| अंक | 0-10 | 10-20 | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 13 | 16 | 24 | 30 | 11 | 8 |

3

**अथवा**

एक कक्षा के 39 विद्यार्थियों के औसत अंक 50 हैं। 40वें विद्यार्थी द्वारा प्राप्त अंक सभी 40 विद्यार्थियों के औसत अंकों से 39 अधिक हैं। सभी 40 विद्यार्थियों के अंकों का समांतर-माध्य ज्ञात कीजिए।

3

12 “सांख्यिकीय आँकड़ों का उपयोग सरकार और नीति-निर्माताओं द्वारा आर्थिक विकास के लिए उपयुक्त नीति-निर्माण हेतु किया जाता है ।” दो उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए।

3

13 निम्नलिखित को परिभाषित कीजिए:-

अ) गणनाकार

ब) शोधकर्ता

स) उत्तरदाता

द) जनगणना विधि

4

| | | |
|---|---|---|
| 14 | क) निम्नलिखित आँकड़ों के लिए एक वृत्त-आरेख बनाइए: -<br><br>**व्यय की मदें** \| **भोजन** \| **ईंधन** \| **कपड़े** \| **अन्य**<br>**%** व्यय \| 36 \| 30 \| 25 \| 9<br><br>**केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14(क) के लिए:-**<br>क) प्रतिशत दंड-आरेख और उप-विभाजित दंड-आरेख के बीच क्या अंतर है?<br>**अथवा**<br>ख) समावेशी और अपवर्जी श्रृंखला के बीच अंतर स्पष्ट कीजिए। | 4<br>4<br>4 |
| 15 | निम्नलिखित आँकड़ों से भारित माध्य की गणना कीजिए:-<br><br>**मदें (X)** \| 92 \| 48 \| 70 \| 65 \| 80 \| 90<br>**भार (W)** \| 1 \| 2 \| 3 \| 2 \| 1 \| 1 | 4 |
| 16 | निम्नलिखित आँकड़ों के लिए कार्ल-पियर्सन सहसंबंध गुणांक की गणना कीजिए:-<br><br>गणित में अंक \| 48 \| 35 \| 17 \| 23 \| 47<br>अर्थशास्त्र में अंक \| 45 \| 20 \| 40 \| 25 \| 45<br>**अथवा**<br>निम्नलिखित आँकड़ों के लिए कोटि सहसंबंध की गणना कीजिए:-<br><br>X \| 64 \| 63 \| 39 \| 40 \| 97 \| 31 \| 7<br>Y \| 26 \| 44 \| 4 \| 48 \| 65 \| 43 \| 40 | 6<br>6 |
| 17 | निम्नलिखित आँकड़ों के लिए उपभोक्ता कीमत सूचकांक तैयार कीजिए:- | 6 |

| **वस्तु** | **आधार अवधि** | | **वर्तमान अवधि** | |
|---|---|---|---|---|
| | **कीमत ($P_0$)** | **मात्रा ($Q_0$)** | **कीमत ($P_1$)** | **मात्रा ($Q_1$)** |
| **A** | 2 | 12 | 3 | 15 |
| **B** | 5 | 10 | 8 | 12 |
| **C** | 6 | 15 | 7 | 10 |
| **D** | 3 | 8 | 4 | 5 |

**खण्ड: ख (व्यष्टि अर्थशास्त्र)**

| | | |
|---|---|---|
| 18 | यदि MRT स्थिर है, तो उत्पादन संभावना वक्र का आकार होगा: -<br>अ) मूल बिंदु की ओर उन्नातोदर<br>ब) मूल बिंदु की ओर नतोदर<br>स) नीचे की ओर ढालू सीधी रेखा<br>द) ऊपर की ओर ढालू सीधी रेखा | 1 |



https://www.evidyarthi.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19 | निम्नलिखित में से कौनसा एक वस्तु की माँग को प्रभावित करने वाला कारक है:-<br>अ) स्थानापन्न वस्तुओं की उपलब्धता<br>ब) वस्तु की प्रकृति<br>स) स्थानापन्न वस्तुओं की कीमत<br>द) उपरोक्त सभी | 1 |
| 20 | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्यन्न कीजिये:-<br>**कथन 1:** सीमांत उत्पाद सदैव बढ़ता है।<br>**कथन 2:** औसत उत्पाद कुल उत्पाद में परिवर्तन की दर है।<br>दिए गए कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से सही विकल्प का चुनाव कीजिये:-<br>**विकल्प:-**<br>अ) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।<br>ब) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।<br>स) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>द) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। | 1 |
| 21 | निम्लिखित कथनों को पढिये - अभिकथन (A) और कारण(R)- सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>**अभिकथन (A):** औसत बंधी लागत सदैव गिरती है।<br>**कारण (R):** कुल बंधी लागत उत्पादन के सभी स्तरों पर स्थिर होती है।<br>**विकल्प :-**<br>(अ) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है \|<br>(ब) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही है और दिया गया कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है \|<br>(स) अभिकथन (A) सही है लेकिन कारण (R) गलत है \|<br>(द) अभिकथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है \| | 1 |
| 22 | एक उत्पादक किसी वस्तु की ₹10 प्रति इकाई कीमत पर 200 इकाइयों की पूर्ति करता है। पूर्ति की कीमत लोच 2 है। यदि कीमत 10% बढ़ जाती है तो उत्पादक वस्तु की कितनी इकाइयों की पूर्ति करेगा? (सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>**विकल्प:-**<br>अ) 200<br>ब) 220<br>स) 240<br>द) 260 | 1 |
| 23 | निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता पूर्ण प्रतियोगिता बाज़ार की विशेषता नहीं है:-<br>अ) असजातीय वस्तु<br>ब) क्रेताओं की अधिक संख्या<br>स) विक्रेताओं की अधिक संख्या<br>द) दीर्घावधि में सामान्य लाभ | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 24 | किसी फर्म का उत्पादन 50 इकाइयों से बढ़कर 55 इकाइयाँ होने पर, कुल सम्प्राप्ति ₹750 से ₹1100 तक बढ़ जाता है। 55वीं इकाई की सीमांत सम्प्राप्ति होगी:-<br>अ) 150<br>ब) 20<br>स) 70<br>द) 75 | 1 |
| 25 | बाजार में ____________ के रूप में एक सरकारी हस्तक्षेप आम-तौर पर बाजार में __________ की स्थिति पैदा करता है। (सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>**विकल्प:-**<br>अ) अधिकतम कीमत, आधिक्य पूर्ति<br>ब) अधिकतम कीमत, आधिक्य माँग<br>स) न्यूनतम कीमत, आधिक्य माँग<br>द) न्यूनतम कीमत, कालाबाजारी | 1 |
| 26 | किसी वस्तु के लिए बाज़ार संतुलन में है। यदि उत्पादन की प्रौद्योगिकी में सुधार हो, तो वस्तु के बाज़ार पर पड़ने वाले प्रभाव श्रृंखला का सही क्रम क्या होगा:-<br>I. पूर्ति वक्र दाईं ओर स्थानांतरित हो जाएगा, जबकि माँग अपरिवर्तित रहती है।<br>II. नई संतुलन कीमत प्रारंभिक कीमत से कम होगी ।<br>III. संतुलन कीमत पर आधिक्य पूर्ति होगी ।<br>IV. इससे विक्रेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे कीमत पर कम होने का दबाव पड़ेगा । (सही विकल्प का चुनाव कीजिये)<br>**विकल्प:-**<br>अ) I, II, III, IV<br>ब) IV, I, II, III<br>स) I, III, IV, II<br>द) IV, II, I, III | 1 |
| 27 | दिए गए **कॉलम I** से संबंधित विकल्पों का **कॉलम II** से मिलान करके गलत युग्म की पहचान कीजिये:-<br><table><tr><th></th><th>कॉलम I</th><th></th><th>कॉलम II</th></tr><tr><td>A</td><td>आधिक्य माँग</td><td>(i)</td><td>विक्रेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा</td></tr><tr><td>B</td><td>आधिक्य पूर्ति</td><td>(ii)</td><td>कीमत पर ऊपर की ओर बढ़ने का दबाव</td></tr><tr><td>C</td><td>MR स्थिर है</td><td>(iii)</td><td>AR स्थिर दर से गिरता है।</td></tr><tr><td>D</td><td>संतुलन कीमत</td><td>(iv)</td><td>वह कीमत जो बाजार को रिक्त करती है ।</td></tr></table>**विकल्प :-**<br>(अ) A - I<br>(ब) B - II<br>(स) C - III<br>(द) D - IV | 1 |
| 28 | कुल लागत तथा कुल परिवर्ती लागत के बीच सम्बन्ध स्पष्ट कीजिये । | 3 |



https://www.evidyarthi.in

| | | |
|---|---|---|
| 29 | सकारात्मक और आदर्शक अर्थशास्त्र के बीच अंतर स्पष्ट कीजिये और प्रत्येक का उदाहरण भी दीजिए।<br>**अथवा**<br>"किसके लिए उत्पादन किया जाए ?"- केंद्रीय समस्या की स्पष्ट व्याख्या कीजिये । | 3<br><br>3 |
| 30 | पूर्ति में विस्तार और पूर्ति में वृद्धि के बीच अंतर स्पष्ट कीजिये । | 4 |
| 31 | निशा के पास ₹ 500 हैं, जिसे वह दो वस्तुओं, बिस्कुट और पेन पर खर्च करना चाहती है। बिस्कुट की कीमत ₹10 प्रति पैकेट और पेन की कीमत ₹25 प्रति इकाई है। दी गई जानकारी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>अ) बिस्कुट को X और पेन को Y मानते हुए निशा का बजट रेखा समीकरण क्या होगा ?<br>ब) संतुलन में रहने के लिए निशा की सीमांत प्रतिस्थापन की दर क्या होनी चाहिए?<br>स) निशा के बजट सेट से संबंधित दोनों वस्तुओं के कोई चार बंडल बताइए।<br>**अथवा**<br>यदि किसी वस्तु की कीमत ₹ 10 प्रति इकाई से ₹ 8 प्रति इकाई होने के कारण, उस वस्तु की माँग 25 इकाइयों से बढ़कर 45 इकाइयों तक पहुँच जाती है:-<br>अ) कुल व्यय विधि का उपयोग करके आप किसी वस्तु की माँग की कीमत लोच के बारे क्या कह सकते है ? कारण सहित स्पष्ट कीजिये ।<br>ब) सामान्यतः किस प्रकार की वस्तुओं की माँग की कीमत लोच इस प्रकार की होती है? | <br><br>1<br>1<br>2<br><br><br>3<br><br>1 |
| 32 | क्या होगा यदि बाजार में प्रचलित कीमत-<br>1. संतुलन कीमत से अधिक हो ?<br>2. संतुलन कीमत से कम हो? | <br>2<br>2 |
| 33 | एक उपभोक्ता दो वस्तुओं X और Y का उपभोग करता है और संतुलन की स्थिति में है। वस्तु की कीमतें क्रमशः P x और P y हैं। बताइएं क्या होगा यदि:-<br>I. $\frac{MUx}{Px} < \frac{MUy}{Py}$<br>II. $P_y$ गिरती_है । | <br>3<br>3 |
| 34 | नीचे दी गई तालिका का अध्ययन कीजिये और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (तालिका नीचे)<br>अ) उपरोक्त दिए गए उत्पादन फलन के लिए सीमांत उत्पाद ज्ञात कीजिए ।<br>ब) उपरोक्त आंकड़ों से परिवर्तनीय अनुपातों के नियम के तीनों चरणों की पहचान कीजिये ।<br>**अथवा**<br>नीचे दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और इस फर्म के लिए लाभ अधिकतमीकरण उत्पादन ज्ञात कीजिए। अपने उत्तर के लिए कारण भी स्पष्ट कीजिये । (तालिका नीचे) | <br>3<br>3<br><br><br>6 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पूँजी की इकाइयाँ | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| श्रम की इकाइयाँ | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| कुल उत्पाद | 10 | 24 | 40 | 50 | 58 | 64 | 68 | 68 | 60 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उत्पादन | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| सीमांत सम्प्राप्ति | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 | 10 |
| सीमांत लागत | 12 | 10 | 9 | 7 | 5 | 4 | 8 | 10 | 14 |